# न्यायालय जिला कलक्टर, भीलवाड़ा

## पीठासीन अधिकारी राजेन्द्र भट्ट (आई.ए.एस.)

**प्रकरण संख्या : 61/2019 आवन्टन निरस्त**

| | | |
|---|---|---|
| 1. राज्य सरकार जरिये तहसीलदार बिजौलिया जिला भीलवाडा | **बनाम** | 1. नानी पत्नी नोला धाकड निवासी मानपुरा तहसील बिजोलियां |
| –प्रार्थी | | –विपक्षी |

**प्रार्थना पत्र अर्न्तगत नियम 14(4) कृषि प्रयोजनार्थ भू–आवंटन नियम, 1970**

उपस्थित –
1. राजकीय अधिवक्ता – प्रार्थी की ओर से
2. श्री राधेश्याम धाकड अधिवक्ता – विपक्षी की ओर से

# निर्णय

दिनांक 18.12.2019

प्रार्थी की ओर से एक प्रार्थना पत्र कृषि प्रयोजनार्थ भू–आवंटन नियम 1970 के नियम 14(4) के अन्तर्गत विपक्षी के विरूद्ध प्रेषित कर निवेदन किया कि विपक्षी को ग्राम मानपुरा की आ.नं. 728/53 रकबा 5.00 बीघा भूमि किस्म बारानी तृतीय दिनांक 19.05.1989 को आवंटन कमेटी द्वारा आवंटन की गयी। आवंटी के नाम गैर खातेदारी दर्ज रेकार्ड है। आवंटी (अप्रार्थी) द्वारा आवंटन शर्तो की पालना नहीं कर उल्लंघना की है। आवंटित भूमि पर आवंटी का मौके पर कभी भी कब्जा व काश्त नहीं है। अतः अप्रार्थी के पक्ष में किया गया आवंटन निरस्त किया जाकर बिलानाम सरकार दर्ज किये जाने का आदेश फरमावें।

प्रार्थना पत्र दिनांक 30.07.2019 को इस न्यायालय में पंजीबद्ध किया गया तथा विपक्षी को वज़ह जाहिर हेतु नोटिस जारी किए गए। विपक्षी की ओर से जवाब पेश किया गया। विपक्षी अधिवक्ता ने प्रार्थना पत्र के खण्डन में विधिक दृष्टान्त 2007(1) डब्ल्यू सी 234 MANGLA Vs State of Rajasthan and 1994 AIR (SLW) 2560 TEJ SINGH Vs State of Rajasthan पेश किये।

प्रकरण में प्रार्थी की ओर से राजकीय अधिवक्ता की बहस सुनी गई। राजकीय अधिवक्ता ने अपनी बहस में प्रार्थना पत्र के तथ्यों को दोहराते हुये बताया कि विपक्षी को ग्राम मानपुरा की आ.नं. 728/53 रकबा 5.00 बीघा भूमि किस्म बारानी तृतीय दिनांक 19.05.1989 को आवंटन कमेटी द्वारा आवंटन की गयी। आवंटी के नाम गैर खातेदारी दर्ज रेकार्ड है। आवंटी (अप्रार्थी) द्वारा आवंटन शर्तो की पालना नहीं कर उल्लंघना की है। आवंटित भूमि पर आवंटी का मौके पर कभी भी कब्जा व काश्त नहीं है। अतः अप्रार्थी के पक्ष में किया गया आवंटन निरस्त किया जाकर बिलानाम सरकार दर्ज किये जाने का आदेश फरमावें। अप्रार्थी के पक्ष में किये गये आवंटन को निरस्त किया जाकर बिलानाम सरकार दर्ज किये जाने का आदेश प्रदान करने की प्रार्थना की हैं। प्रार्थना पत्र के समर्थन में ग्राम मानपुरा का मौका पर्चा, ग्राम

मानपुरा की जमाबंदी संवत् 2070—2073 की प्रति प्रस्तुत की हैं।

विपक्षी अधिवक्ता ने अपनी बहस में बताया कि विपक्षी के नाम भूमि का आवंटन नियमों के अंतर्गत किया गया हैं। विपक्षी को आंवटित भूमि का पटवारी हल्का द्वारा कब्जा दिया जाकर सुपुर्दगीनामा बनाया गया। पटटा भी जारी किया गया। राजस्व रिकार्ड गैर खातेदारी से दर्ज है। प्रार्थी का प्रार्थना पत्र खारिज कराने की प्रार्थना की है।

प्रार्थी के प्रार्थना पत्र पर उपलब्ध तथ्यों एवं दस्तावेजों का भलीभांति परीक्षण किया गया एवं बहस पर मनन किया गया। जिसके उपरान्त पाया कि पटवार हल्का की मौका पर्चा रिपोर्ट दिनांक 13.05.2018 में अंकित किया हैं कि ग्राम मानपुरा के आ.न. 728/53 रकबा 5.00 बीघा भूमि किस्म बारानी तृतीय में मौके पर आवंटी के वारिसान का कब्जा काश्त नहीं हैं। विपक्षी ने आवंटित भूमि पर काश्त करने के संबंध में आवंटन दिनांक से प्रथम चौसाला की खसरा गिरदावरी की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत नहीं की हैं। विपक्षी द्वारा प्रस्तुत विधिक दृष्टान्त 2007(1) डब्ल्यू सी 234 MANGLA Vs State of Rajasthan प्रस्तुत किये जो राजस्थान भू राजस्व (अलोटमेण्ट ऑफ लेण्ड फोर एग्रीकल्चर पर्पजेज) रूल्स 1957 के अंतर्गत किये गये भूमि आवंटन के लिये हैं एवं 1994 AIR (SLW) 2560 TEJ SINGH Vs State of Rajasthan विधिक दृष्टान्त राजस्थान कॉलोनाईजेशन (मीडियम एवं माईनर ईरीगेशन प्रोजेक्ट्स गर्वमेण्ट लेण्ड्स अलोटमेण्ट) रूल्स 1968 के अंतर्गत किये गये भूमि आवंटन के लिये हैं। जबकि विपक्षी को राजस्थान भू राजस्व कृषि प्रयोजनार्थ भू आवण्टन नियम 1970 के तहत भूमि का आवंटन किया गया हैं। विपक्षी द्वारा प्रस्तुत उक्त विधिक दृष्टान्त इस प्रकरण में चस्पा नहीं होते हैं। उक्त विवेचन अनुसार आवंटी द्वारा भू आवंटन नियम 1970 के नियम 14(4) की पालना नहीं की जाना स्पष्ट होता हैं। उपरोक्त विवेचन अनुसार प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 14(4) स्वीकार योग्य ठहरता हैं। अतएव—

## आदेश

प्रार्थी की ओर से प्रस्तुत प्रार्थना पत्र कृषि प्रयोजनार्थ भू—आवंटन नियम 1970 के नियम 14(4) बाबत् भू—आवंटन निरस्तीकरण का स्वीकार कर विपक्षी नानी पत्नी नोला धाकड निवासी मानपुरा के नाम आवंटित ग्राम मानपुरा के आराजी नं. 728/53 रकबा 5.00 बीघा भूमि आवंटन दिनांक 19.05.1989 को खारिज किया जाता हैं एवं तहसीलदार बिजोलियां को निर्देश दिये जाते है कि ग्राम मानपुरा की आ.न. 728/53 रकबा 5.00 बीघा भूमि किस्म बारानी तृतीय को कब्जे सरकार लेकर राजस्व रिकार्ड में बिलानाम दर्ज किया जावे। निर्णय की प्रति तहसीलदार बिजोलियां को संप्रेषित की जावे।

निर्णय आज दिनांक 18.12.2019 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(राजेन्द्र भट्ट)
जिला कलक्टर
भीलवाड़ा



Signature Not Verified
Digitally signed by Rajendra Bhatt
Date: 2019.12.18 16:21:51 IST
Reason: SelfAttested
Location: